भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2811
05.08.2026 को उत्तर देने के लिए

सरकारी नीति में डेटा एनालिटिक्स का उपयोग

2811. श्री सनातन पांडेयः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आर्थिक कार्यकलापों और सरकारी नीति की प्रवृत्तियों का विश्लेषण करने के लिए निर्माण सामग्री की खपत सहित परोक्ष आर्थिक संकेतकों के उपयोग की जांच की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या नीति का मूल्यांकन करने के लिए ऐसे विश्लेषणात्मक साधनों का उपयोग किया जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) ऐसे अनुसंधान में लगे संस्थानों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (ग): सरकार आर्थिक कार्यकलापों के रुझानों की निगरानी के लिए विभिन्न उच्च आवृत्ति वाले आर्थिक संकेतकों की एक श्रृंखला का उपयोग करती है। इनमें औद्योगिक उत्पादन, बिजली उत्पादन, जीएसटी संग्रहण, ई-वे बिल, डिजिटल लेनदेन, माल ढुलाई, पेट्रोलियम की खपत तथा सीमेंट और इस्पात जैसी निर्माण सामग्रियों की खपत से संबंधित संकेतक शामिल हैं।

इन संकेतकों का उपयोग आधिकारिक आंकड़ों के साथ-साथ समष्टि आर्थिक मूल्यांकन और नीति निर्माण तथा निगरानी को सहयोग देने के लिए भी किया जाता है। भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों जिसमें वित्त मंत्रालय, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) और नीति आयोग के

साथ-साथ भारतीय रिजर्व बैंक शामिल हैं द्वारा इन उच्च आवृत्ति वाले आर्थिक संकेतकों का उपयोग किया जाता हैं।

सामग्री इनपुट पर निवेश के कुल व्यय में इनपुट सामग्रियों (जैसे ईंट, सीमेंट, लोहा एवं इस्पात आदि) की खपत के हिस्से का आकलन करने हेतु सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जुलाई, 2025 से दिसंबर, 2025 के दौरान अनिगमित क्षेत्र के प्रतिष्ठानों और परिवारों में निर्माण कार्यकलापों पर एक व्यापक पायलट सर्वेक्षण किया गया । इसके अतिरिक्त, अनुसंधान संस्थान और शैक्षणिक संगठन भी आर्थिक विश्लेषण के लिए अध्ययन/डेटा विश्लेषण करते हैं।

*****